दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2025–26 दिनांक : 24.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 24.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा "नई शिक्षा नीति–2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों के बीच प्रश्न–मच का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में **मुख्य वक्ता प्रो. अर्चना सिंह, प्रभारी, समाजशास्त्र विभाग** ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक, लचीला और भारतीय मूल्यों से जोड़ना है। यह नीति चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। जिसका लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है।

इस अवसर पर स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के बीच **प्रश्न–मंच प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जिसमें **कुल 103 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग** किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर ऑचल राय, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी उपाध्याय तथा तृतीय स्थान पर कुमारी दर्पण रही।

उक्त कार्यक्रम का **संचालन डॉ. सुनील कुमार सिंह** ने किया। उक्त अवसर पर **डॉ. विवेकानन्द शुक्ल, डॉ. शाश्वत चन्देल, डॉ. सरिता सिंह, श्री आशुतोष दूबे** सहित विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क